Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Bishnoi Shri Jaswant Singh

an>

Title: Need to start the construction of AIIMS building in Jodhpur, Rajasthan.

श्री जसवंत सिंह बिश्नोई (जोधपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि 3-4 वर्ा पहले राजस्थान में जोधपुर में एम्स का शिलान्यास हुआ। एम्स के लिए दो करोड़ रुपये बाउण्ड्री वाल बनाने के लिए दिये, लेकिन अभी तक उसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआहै।

खास तौर से पश्चिमी राजस्थान का जोधपुर, जहां कह सकते हैं कि गरीब लोग ज्यादा रहते हैं, वहां मजदूर भी ज्यादा हैं और हर दृटि से उनकी सुविधाओं का ध्यान रखते हुए जो तत्कालीन केन्द्रीय सरकार थी, उसने एम्स के निर्माण की घोाणा की थी। उसका शिलान्यास हो गया, लेकिन अभी तक 2-3 वर्ों में सिर्फ बाउंड्री वाल के अलावा उस पर कोई भी कार्य शुरू नहीं हुआ।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से खास तौर से निवेदन करना चाहूंगा कि जो जोधपुर का एम्स है, उस एम्स का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करें ताकि वहां के लोगों को और खास तौर पर पूरे पश्चिमी राजस्थान के लोगों को उसका फायदा हो सके।